# भाजपा की रैली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बुलाने का आरोप, डीपीओ का मैसेज वायरल

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** भाजपा महिला मोर्चा की रैली से पहले एक बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इस राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलाया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) रत्ना शर्मा का एक व्हाट्सएप मैसेज वायरल हो रहा है, जिसमें करीब 200 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को रविवार को दोपहर 3 बजे काली साड़ी पहनकर भाजपा कार्यालय पहुंचने के लिए कहा गया। यह रैली नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में और कांग्रेस के विरोध में आयोजित की जा रही है, जो शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय से शुरू होकर महाराणा प्रताप प्रतिमा तक जाएगी। कार्यक्रम में विधायक कंचन तनवे और महापौर अमृता यादव सहित




कई जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की जानकारी है। मैसेज सामने आने के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और उनके परिजनों में नाराजगी देखने को मिली है। एक कार्यकर्ता ने कहा कि रविवार उनका एकमात्र अवकाश होता है, फिर भी उन्हें अचानक बुलाया जा रहा है, वह भी बिना किसी सुविधा के। उन्होंने यह भी आपत्ति जताई कि काली साड़ी पहनने जैसी शर्त क्यों रखी जा रही है।

परिजनों ने जब इस बारे में डीपीओ रत्ना शर्मा से बात की तो उन्होंने जवाब दिया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल होती हैं, फिर इसमें क्या दिक्कत है। हालांकि जब उनसे यह पूछा गया कि यह एक राजनीतिक रैली है, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और चुप्पी साध ली।इस मामले पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह महिलाओं का कार्यक्रम है और इसमें शामिल होना पूरी तरह स्वैच्छिक है। उन्होंने कहा कि जिसकी इच्छा होगी, वही इसमें आएगा।

वहीं, कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने इस पूरे मामले में गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल करना लोकतंत्र के खिलाफ है और यह दर्शाता है कि क्या सरकारी तंत्र किसी पार्टी के प्रभाव में काम कर रहा है।

उन्होंने कहा की, जब सत्ता सेवा और संगठन की सीमाएं भूलने लगे, तो सवाल उठना स्वाभाविक है- क्या यह शासन है या किसी पार्टी का विस्तार? इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल करने का दबाव बनाया जा रहा है, या फिर यह वास्तव में स्वैच्छिक भागीदारी है। मामला सामने आने के बाद जिले में इसको लेकर चर्चा तेज हो गई है।

### व्हाट्सएप मैसेज वायरल होने के बाद बैकफुट पर विभाग, रैली से नदारद रहीं कार्यकर्ता

डीपीओ रत्ना शर्मा का मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल होने और कांग्रेस द्वारा कड़ा विरोध दर्ज कराने का असर रैली में साफ देखने को मिला। दबाव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को राजनीतिक रैली में बुलाने की विभाग की रणनीति पूरी तरह विफल साबित हुई। सूत्रों के अनुसार, विवाद बढ़ने और कांग्रेस द्वारा इसे मुद्दा बनाए जाने के बाद अधिकांश कार्यकर्ताओं ने रैली से दूरी बनाए रखना ही उचित समझा। भाजपा महिला मोर्चा की इस रैली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की जो भीड़ अपेक्षित थी, वह विरोध के चलते नजर नहीं आई। शासन और संगठन के बीच उपजे इस तालमेल के बिगड़ने से अब प्रशासनिक गलियारों में भी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## जल चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक



**नवभारत न्यूज़**

**राई।** जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम राईखुटवाल में भव्य जल चौपाल एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम जल शक्ति से नवभक्ति (द्वितीय चरण) के तहत जिला समन्वयक जगदीश पटेल एवं विकास खंड समन्वयक राजकुमार मालाकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सेक्टर क्रमांक 02 अमलपुरा की नवांकुर संस्था उदय एकता सामाजिक विकास कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस चौपाल में जल के महत्व और भविष्य की चुनौतियों पर गहन मंथन किया गया। समिति प्रमुख विपत फुलमाली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने अभियान के द्वितीय चरण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आगामी समय में पारंपरिक जल स्रोतों के गहरीकरण, साफ-सफाई और उनके पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर केवल वैचारिक संवाद ही नहीं हुआ, बल्कि उपस्थित जनों ने सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। रामकुमार वर्मा, आशीष चौहान, विष्णु यादव, कमलेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और अन्य ने सहभागिता निभाई।

## सात समंदर पार से आए पूर्व छात्रों का सेंट जोसेफ कॉन्वेंट में दो दिवसीय मिलन समारोह



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के वर्ष 2000 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं का 25 साल बाद बैक टू बेंचेस मिलन समारोह 2 और 3 मई को उत्साही माहौल में आयोजित हुआ।

दो दिवसीय कार्यक्रम में देश-विदेश से करीब 70 पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत 2 मई को होटल राज रेजीडेंसी में हुई, जहां परिचय, सांस्कृतिक गतिविधियां, संगीत, कराओके और आपसी संवाद के बीच पुराने साथियों ने स्कूल के दिनों की यादें ताजा कीं।

पुणे, बेंगलुरु, नांदेड़ सहित देश के विभिन्न शहरों के साथ-साथ अमेरिका और नाइजीरिया से भी पूर्व छात्रों की भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप मिला। 3 मई को सभी पूर्व छात्र स्कूल परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया, कक्षाओं का भ्रमण किया और गुरुजनों का सम्मान किया। वर्षों बाद शिक्षकों और साथियों से मिलकर कई भावुक पल भी देखने को मिले। पूर्व छात्रों ने विद्यालय के प्रति आभार जताते हुए संगीत वाद्ययंत्र भेंट करने का निर्णय लिया, ताकि वर्तमान विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम का समापन समूह फोटो के साथ हुआ। आयोजन में शामिल पूर्व छात्रों ने इसे यादगार बताते हुए कहा कि यह सिर्फ पुनर्मिलन नहीं, बल्कि स्कूल और पुराने रिश्तों के प्रति जुड़ाव का एक खास अवसर रहा।

## मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग से सैकड़ों को मिला सहारा



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** बाल संरक्षण के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल सामने आई है, जहां बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है।

इस पहल में केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित न रहकर बच्चों और अभिभावकों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टीम द्वारा जरूरतमंद परिवारों के घर जाकर काउंसलिंग की जा रही है, जिससे लोग अपनी समस्याएं खुलकर साझा कर पा रहे हैं और समाधान अधिक प्रभावी रूप से सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही मंदिरों, बाजारों, बस स्टैंड और बस्तियों में पहुंचकर असुरक्षित बच्चों की पहचान कर उन्हें संरक्षण, शिक्षा और पुनर्वास से जोड़ा जा रहा है।

इस प्रयास का प्रभाव अब खंडवा से बाहर अन्य जिलों और राज्यों तक भी पहुंच चुका है। इसके परिणामस्वरूप कई परिवार पुनः एकजुट हुए हैं, बच्चों के व्यवहार और शिक्षा में सुधार आया है तथा बाल श्रम और उपेक्षा के मामलों में कमी देखी गई है। यह पहल अब बाल संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभर रही है।

## मूंदी में स्पीड 'धीमी' करने से पहले ही टूटी ब्रेकर की क्वालिटी

**नवभारत न्यूज़**

**मूंदी।** नगर परिषद मूंदी में सीसी रोड पर लगाए जाने वाले स्पीड ब्रेकरों को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने इन स्पीड ब्रेकरों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। मामला सामने आते ही नगर में हड़कंप मच गया है और जनसुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

लक्ष्मण पटेल के अनुसार, स्पीड ब्रेकरों के लिए लाई गई सामग्री वर्तमान में किसान मोहल्ले में रखी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन स्पीड ब्रेकरों के खांचों में निम्न स्तर की सीमेंट का उपयोग किया गया है, जो शुरुआती अवस्था में ही बाहर निकलती दिखाई दे रही है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मजबूती पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। उनका कहना है कि नियमानुसार उच्च गुणवत्ता की



सीमेंट-कांक्रीट का उपयोग कर स्पीड ब्रेकरों को पर्याप्त समय तक पानी में रखकर मजबूत किया जाना चाहिए, लेकिन यहां नियमों की अनदेखी की गई है।पूर्व अध्यक्ष ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है और इससे आम लोगों की जान को खतरा हो सकता है।वहीं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि स्पीड ब्रेकर टेंडर की निर्धारित शर्तों और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, तो उन्हें लगाया नहीं जाएगा।ज्ञात हो कि क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में घटिया निर्माण कार्य और भी गंभीर चिंता का विषय बन गया है। अब देखना यह होगा कि जांच में क्या सामने आता है और प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## जैन समाज की महिला शक्ति को मिला मंच, नई कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** दिगंबर जैन युवा महासभा की महिला शाखा में नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ महिला सशक्तिकरण को नया मंच मिला है। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष विकेश मेहता की सहमति से खंडवा महिला शाखा की अध्यक्ष रूपल जैन लोहाड़िया ने अपनी टीम घोषित की, जिसमें अर्पिता जैन रावका को जिला महामंत्री बनाया गया है।

नई कार्यकारिणी में वैशाली जैन, नेहा जैन, सरिता जैन और प्रेरणा जैन को संरक्षक, नीतू जैन व लीना जैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शेफाली जैन को उपाध्यक्ष तथा वंदना जैन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा संगठन मंत्री, सह मंत्री, प्रवक्ता, छात्र शाखा अध्यक्ष, राष्ट्रीय एवं प्रदेश प्रतिनिधि सहित विभिन्न पदों पर कई सक्रिय





महिलाओं को शामिल किया गया है, जिससे संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि यह टीम धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक एकता, सेवा कार्यों और राष्ट्रीय मिशन में सक्रिय भूमिका निभाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन के लिए शीतल पेयजल और पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का आह्वान भी किया गया है।नई कार्यकारिणी के गठन पर समाज के पदाधिकारियों ने सभी नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

## 357 वाहन चालकों से वसूला सवा लाख से अधिक जुर्माना

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में चल रहे हेलमेट विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 357 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। यह अभियान 26 अप्रैल से 10 मई 2026 तक पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। 2 मई को की गई कार्रवाई में हेलमेट नहीं पहनने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया चालकों पर एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 1,25,900 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी व महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान केवल चालानी कार्रवाई ही नहीं, बल्कि सुधारात्मक दृष्टिकोण भी अपनाया जा रहा है। हेलमेट नहीं पहनने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए प्रकरण परिवहन विभाग को भेजे जा रहे हैं। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और सभी यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



## योगेश राजपूत मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त



**खंडवा।** राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने के लिए देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल अखिल भारत हिंदू महासभा ने मध्यप्रदेश में अपने संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की हैं। इसी कड़ी में खंडवा के प्रखर वक्ता और सक्रिय कार्यकर्ता योगेश राजपूत को प्रदेश प्रवक्ता (युवा मोर्चा) - मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश संगठन मंत्री पंडित जीतू दुबे द्वारा राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व की सहमति से की गई है। उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मानना है कि योगेश राजपूत की जमीनी पकड़ और स्पष्ट वाकपटुता से प्रदेश में महासभा की वैचारिक शक्ति को नई ऊर्जा मिलेगी ।




## जसवाड़ी में मौत बनकर दौड़ी कार, शिकंजी पी रहे युवक की दर्दनाक मौत



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** ग्राम जसवाड़ी में रविवार की शाम मौत का तांडव देखने को मिला, जहां एक बेलगाम कार ने सड़क किनारे खुशियां बांट रहे शिकंजी के ठेले को श्मशान में तब्दील कर दिया। खंडवा से सिंगोट की ओर जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही की सारी हदें पार करते हुए किनारे खड़े ठेले को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह पूरी तरह तहस-नहस हो गया।

भीषण हादसे में 22 वर्षीय युवक श्याम पिता अमर तंवर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर का मंजर इतना खौफनाक था कि वहां मौजूद लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे में तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल रेफर किया गया।घटना के बाद पूरे जसवाड़ी क्षेत्र में मातम पसर गया है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय निवासियों ने सिंगोट मार्ग पर आए दिन होने वाली इन दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और स्पीड ब्रेकर की मांग की है। एक झटके में उजड़ी इस गृहस्थी ने पीछे कई अनसुलझे सवाल और गहरा सन्नाटा छोड़ दिया है।

## विश्व हास्य दिवस पर सद्भावना मंच में गूंजे ठहाके

**खंडवा।** विश्व हास्य दिवस के अवसर पर सद्भावना मंच द्वारा हंसी और खुशियों से भरपूर आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने जमकर ठहाके लगाए। मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि हंसना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है और यह जीवन को सकारात्मक बनाने का सरल माध्यम है। उन्होंने बताया कि विश्व हास्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि खुशी एक शक्तिशाली साधन है, जो बेहतर स्वास्थ्य, मजबूत रिश्तों और शांतिपूर्ण जीवन में सहायक होती है। इस दौरान मंच के सदस्यों ने हास्य चुटकुले सुनाकर माहौल को आनंदमय बना दिया।कार्यक्रम में पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ जगदीशचंद्र चौरे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हंसी के जरिए सकारात्मक संदेश दिया और जीवन में मुस्कुराते रहने का संकल्प लिया।



**एक नजर** योग एवं प्राणायाम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

## योग-प्राणायाम से स्वस्थ जीवन का संकल्प

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान द्वारा लायंस क्लब खंडवा एवं जिला योग आयोग समिति के सहयोग से 3 मई से 9 मई तक साप्ताहिक योग एवं प्राणायाम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर प्रतिदिन प्रात: 7 बजे आयोजित हो रहा है, जिसमें नियमित योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाचार्य स्व. लक्ष्मीनारायण गुप्त के निर्धारित पैकेज के अनुसार योग और प्राणायाम की विधियां सिखाई जा रही हैं।



शिविर का संचालन प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जैन, सचिव नारायण बाहेती, कोषाध्यक्ष दामोदर गर्ग तथा लायंस क्लब खंडवा की अध्यक्ष आशा उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों ने नियमित योग करने और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।संस्था द्वारा पूर्व में भी शहर के विभिन्न स्थानों पर गार्डन जिम मशीनें स्थापित करने और पौधरोपण जैसे स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य किए गए हैं, जिनकी नियमित देखरेख भी की जा रही है।शिविर में शहर के अनेक योग प्रेमी एवं समाजसेवी शामिल हो रहे हैं। समिति ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।